# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

## पिकप भवन, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ

**संख्या: 48 /17/विज्ञा0अनु0 (ग्यारह)/2026/ओ0टी0आर0(O.T.R.)/2026**

लखनऊः दिनांक- 31 जुलाई, 2026

**आवश्यक सूचना**

**आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु वन टाइम रजिस्ट्रेशन (O.T.R.) में अनुमन्य संशोधन के सम्बन्ध में।**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु वन टाइम रजिस्ट्रेशन (O.T.R.) की सुविधा प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में विज्ञप्ति संख्या-45/17/विज्ञा०अनु०(ग्यारह)/2026 /ओ०टी०आर०(O.T.R.)/2026, दिनांक 14 जुलाई, 2026, आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी है। O.T.R. के माध्यम से आवेदन करने पर अभ्यर्थियों को अपनी मूलभूत सूचनाएँ बार-बार दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होगी। अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि O.T.R. का आवेदन सबमिट करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि उनके द्वारा आवेदन में अंकित की गयी समस्त प्रविष्टियां सही एवं पूर्ण हैं।

कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा प्रत्यावेदन के माध्यम से अवगत कराया गया है कि O.T.R. के आवेदन के समय उनके आवेदन पत्र में त्रुटिवश गलत विवरण अंकित हो गया है, जिसे संशोधित करने का अनुरोध किया गया है जिसके दृष्टिगत अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु निम्नवत व्यवस्था की जाती है -

1. **यदि अभ्यर्थी OTR में अंकित किसी विवरण को संशोधित करना चाहते हैं, तो उन्हें आगामी प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा के पंजीकरण से पूर्व OTR में अनिवार्यत: संशोधन करना होगा।**
2. **PET-2025 की पंजीकरण संख्या के माध्यम से OTR आवेदन पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों का नाम, जन्मतिथि एवं मोबाइल नम्बर अपरिवर्तनीय रहेंगे। उक्त के अतिरिक्त OTR में दर्ज समस्त विवरण संशोधित किये जा सकते है।**
3. **नवीन रूप से OTR पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों का मोबाइल नम्बर अपरिवर्तनीय रहेगा। उक्त के अतिरिक्त OTR में दर्ज समस्त विवरण संशोधित किये जा सकते है।**

OTR में संशोधन हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के होमपेज पर उपलब्ध "Modify OTR Form Details" पर जाकर OTR नम्बर अथवा OTR पंजीकृत मोबाइल नम्बर अंकित कर OTP प्राप्त कर लॉगिन करेंगे तत्पश्चात अनुमन्य विवरण को संशोधित कर सकते है। अभ्यर्थी OTR को संशोधित करने के उपरांत उसका प्रिंटआउट प्राप्त कर समस्त प्रविष्टियां अवश्य जाँच ले। अभ्यर्थी OTP के माध्यम से लॉगिन करने के उपरांत ही OTR को संशोधित कर सकते है। अत: OTP की गोपनीयता सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व स्वंय अभ्यर्थी का होगा।

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।